सं0-692/38-6-2021-165 एल.सी./2020 टी.सी.-1

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मिशन निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक: 12 दिसम्बर, 2021

विषय: बी0सी0-सखी ड्रेस हेतु धनराशि मिशन अंतर्गत उपलब्ध राज्यांश से व्यय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 21-05-2020 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बिजनेस करेस्पाण्डेन्ट (बी0सी0-सखी) चयनित किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा की गयी। मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुक्रम में प्रदेश की 58,000 ग्राम पंचायतों में एक-एक बी.सी.-सखी चयनित करने का निर्णय लेते हुए शासनादेश संख्या-165/38-6-2020-आर-165/2020, दिनांक 22-05-2020 निर्गत किया गया।

2- चयनित प्रत्येक बीसी-सखी को दो ड्रेस दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार कुल ड्रेस की संख्या लगभग 1,16,000 होती है। ड्रेस की डिजाईन तैयार किये जाने हेतु निफ्ट, रायबरेली को आबद्ध किया गया। निफ्ट, रायबरेली द्वारा उपलब्ध डिजाईन के विकल्पों का प्रस्तुतीकरण उच्च स्तर पर किया गया। प्रस्तुतीकरण के उपरान्त अन्तिम रूप से चयनित ड्रेस डिजाईन के आधार पर शासन द्वारा ड्रेस तैयार कराने का निर्णय लिया गया है। निफ्ट, रायबरेली द्वारा पावरलूम के माध्यम से प्रत्येक ड्रेस पर रू.1650/- की लागत बताते हुए 1,16,000 ड्रेस उपलब्ध कराए जाने में कुल रू.19,13,96,472.00 का डी0पी0आर0 उपलब्ध कराया गया।

3- इस सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 ने अपने प्रस्ताव संख्या-1053/आपूर्ति/2021-22, दिनांक-09.09.2021 द्वारा 1,16,000 ड्रेस की कुल लागत रू.22,43,61,400.00 (प्रत्येक ड्रेस की लागत रू.1934.15) हैण्डलूम द्वारा तैयार कराने का डी.पी.आर. उपलब्ध कराया है (प्रति संलग्न)। कोविड-19 से उत्पन्न आर्थिक स्थितियों के दृष्टिगत बुनकरों को काम उपलब्ध कराने की मंशा से उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम लि0 द्वारा हैण्डलूम पर ड्रेस तैयार कराकर उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

4- दिनांक 21.12.2021 को प्रयागराज में बी.सी.-सखी, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं अन्य कार्यक्रमों के लाभार्थियों को सम्मिलित करते हुए एक वृहद कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसे

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा सम्बोधित किया जाना है। अत: दिनांक 20.12.2021 तक एक-एक ड्रेस यानि लगभग 58,000 ड्रेस हथकरघा उद्योग निगम लि0 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को उपलब्ध कराया जाए।

5- अत: इस संबंध में मुझे यह करने का निदेश हुआ है कि कृपया वर्णित स्थिति में यूपीएसआरएलएम में उपलब्ध राज्यांश की धनराशि में से बी0सी0-सखी के ड्रेस हेतु व्यय होने वाली सम्भावित धनराशि रू0 22,43,61,400.00 व्यय करने की अनुमति मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम को प्रदान की जाती है। इस कार्य पर होने वाला व्यय शत-प्रतिशत राज्यांश की उपलब्ध धनराशि से किया जाएगा। यह आदेश पत्रावली में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति के उपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को यह भी निर्देशित किया जाता है कि चूँकि कार्य अल्प समय में एवं वरीयता पर कराया जाना है, अत: उ0प्र0 हथकरघा निगम लि0 को उनकी मांग के अनुसार अग्रिम के रूप में धनराशि उपलब्ध कराते हुए ससमय कार्य को पूर्ण करायें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

Manoj 12.12.21

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

सं0-692 (1)/38-6-2021 एवं तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनु0-2, उ0प्र0 शासन।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विजय बहादुर वर्मा)
संयुक्त सचिव।

सं० 4641 38-6-2021

# उ.प्र.राज्य हथकरघा निगम लि.

कबीर भवन जी.टी.रोड कानपुर

पत्रांक 1053 / आपूर्ति / ~~विपणन~~ / 2021–22 दिनाँक – 9/9/21

सेवा में,

श्री मनोज कुमार सिंह
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन,
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग,
शिव भवन, कमरा नं0–16 / 17,
लखनऊ

विषय :–1.16 लाख पीस (साड़ी एवं सूट) की आपूर्ति सम्बंधी विस्तृत कार्य योजना।

महोदय,

कृपया आप द्वारा दिनांक 06.09.2021 को 1,00,000 पीस साड़ी एवं 16,000 पीस सूट की आपूर्ति के सम्बंधित विस्तृत कार्य योजना तैयार कर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के कम में चाही गयी आपूर्ति से सम्बंधित विस्तृत कार्य योजना तैयार कर पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक :–उपरोक्तानुसार

S.O. – 6
Pl. put up.
Manoj
9/9/21


(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव
ग्राम्य विकास, पंचायती राज एवं राजस्व विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

श्री लोकेन्द्र
10.9.2021

भवदीय,

(शेषमणि पाण्डेय)
प्रबंध निदेशक

विभाग :- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ०प्र० शासन।



## -: विस्तृत कार्य योजना :-

विषय :- हथकरघा द्वारा उत्पादित उत्पाद-साड़ी, सूट एवं दुपट्टा आदि की आपूर्ति हेतु।

-: प्रस्तुतकर्ता :-
प्रबन्ध निदेशक,
उ०प्र० राज्य हथकरघा निगम लि०,
जी०टी० रोड, कानपुर।

# उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, जी0टी0 रोड, कानपुर।

## 1. परिचय :–

उ0प्र0 में हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से उ0प्र0 सरकार द्वारा उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 की स्थापना उ0प्र0 सरकार द्वारा राम सहाय आयोग की संस्तुतियों के आधार पर दिनांक 09 जनवरी 1973 को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 617 के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य शक्ति चालित करघा वित्त एवं विकास निगम लि09 का उद्भव एक शासकीय सार्वजनिक कम्पनी के रूप में हुआ तथा दिनांक 20.12.1977 को इसका नाम उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 में परिवर्तित कर दिया गया। निगम की अधिकृत पूंजी रू0 75.00 करोड़ एवं चुकता अंश पूंजी रू0 47.07 करोड़ है, जिसमें भारत सरकार का शेयर 22.48 प्रतिशत एवं उ0प्र0 सरकार का शेयर 77.52 प्रतिशत है।

- वर्तमान में निगम के पास 10 परियोजना 16 उत्पादन केन्द्र तथा 50 बिक्री केन्द्र हैं। हथकरघा वस्त्रों तथा अनियंत्रित वस्त्रों का उत्पादन पंजीकृत बुनकरों से कराकर निगम गरीब बुनकरों को रोजगार प्रदान करता है। वर्तमान में निगम के अन्तर्गत उ0प्र0 के 20520 बुनकर पंजीकृत हैं, जिनसे निगम द्वारा हथकरघा वस्त्रों की आपूर्ति किये जाने सम्बंधी उत्पादों का उत्पादन आवश्यकतानुसार कराकर रोजगार प्रदान कराया जाता है।
- नियंत्रित वस्त्रों का उत्पादन बंद हो जाने तथा सरकार द्वारा अन्य विकल्प न दिये जाने के फलस्वरूप निगम की आर्थिक स्थिति अत्यधिक लचर हो गयी है, जिसके कारण हथकरघा निगम एवं सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है तथा निगम के स्तर पर कार्यशील पूंजी न होने के कारण निगम पंजीकृत बुनकरों को रोजगार मुहैया नहीं करा पा रहा है। इस कारण से निगम के बिक्री केन्द्रों पर बिक्री हेतु वस्त्रों की उपलब्धता सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।

**उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों में निम्नलिखित हथकरघा वस्त्र उत्पाद चिन्हित किये गये हैं :–**

- ➢ सूटिंग एवं शर्टिंग वस्त्र, काटन बेड, दरी, तौलिया, साड़ी एवं धोती, बेडशीट एवं पिलो कवर, पर्दे के कपड़े, ऊलेन कम्बल, फर्शी दरी, ऊलेन वर्दी, गाज बैण्डेज एवं दो सूती क्लाथ आदि। हथकरघा निगम से सम्बंधित वांछित वस्त्रों का उत्पादन मुख्यतया मऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मुबारकपुर, आजमगढ़ आदि स्थानों में हो रहा है।
- ➢ **यदि उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम के पक्ष में आपूर्ति आदेश प्राप्त होता है तो निगम हथकरघा बुनकरो से गुणवत्ता एवं मानक के अनुरुप तय समय से आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जायेगी।**

2. निगम की कार्य प्रणाली :–

उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम का व्यवसाय उ0प्र0 के प्रमुख जनपदों में विभिन्न परम्परागत वस्त्रों एवं आवश्यकतानुसार वस्त्रों का उत्पादन पंजीकृत बुनकरों से कराता है तथा विभाग में नियुक्ति तकनीकी कर्मचारियों से उत्पादित वस्त्रों का गुणवत्तापरक बनाये रखने के लिए परीक्षण करवाता है एवं विपणन के साथ ही सरकारी विभागों/संस्थाओं को आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराता है।

- उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों के कम मे निगम सरकार द्वारा नियंत्रित विभागों, उपकमों, परिषदों, प्राधिकरणों तथा चिकित्सालयों को वस्त्रों की आपूर्ति कराकर प्रशासनिक एवं पर्यवेक्षकीय शुल्क प्राप्त करता है एवं पंजीकृत हथकरघा बुनकरों को रोजगार मुहैया कराने में सहयोग प्रदान करता है।

3. तकनीकी विधा–आपूर्ति से सम्बंधित गुणवत्ता मानक विवरण

| कमांक | उत्पाद का नाम | मानक विवरण | प्रयुक्त धागा विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | साड़ी, ब्लाउज सहित | 1.Threads per inch:– (IS-1963:1981) Warp 107 and Weft 63<br>2. Dimensional Stability (%) (IS:2977:89) Warp .5(+) and Weft .8(-)<br>3. Colour Fastness to Washing: change in colour, Staining on polyester and cotton (IS-IS/ISO-105C10:2006-A-(1) 4-5 and 4-5/4<br>4. Count of Threads TC/LAB/TM-02, Warp 30 denier and Weft 40.0s Ne Extra Warp and Weft 75/2 Polyester<br>5. Colour Fastness to Rubbing: Staining on cotton (ISO-105-X12-2001), Warp dry- 4-5, Weft wet-4, dry- 4-5 wet-4<br>6. Overall (±)5% variation on handloom goods | Warp-100 % Polyester<br>Weft-100% Cotton<br>Extra Warp and Weft 100 % Polyester |
| 2 | सूट पीस, पजामा एवं दुपट्टा सहित | 1.Threads per inch:– (IS-1963:1981) Warp 107 and Weft 63<br>2. Dimensional Stability (%) (IS:2977:89) Warp .5(+) and Weft .8(-)<br>3. Colour Fastness to Washing: change in colour, Staining on polyester and cotton (IS-IS/ISO-105C10:2006-A-(1) 4-5 and 4-5/4<br>4. Count of Threads TC/LAB/TM-02, Warp 30 denier and Weft 40.0s Ne Extra Warp and Weft 75/2 Polyester<br>5. Colour Fastness to Rubbing: Staining on cotton (ISO-105-X12-2001), Warp dry-4-5, Weft wet-4, Warp dry- 4-5, Weft wet-4<br>6. Overall (±)5% variation on handloom goods . | Warp-100 % Polyester<br>Weft-100% Cotton<br>Extra Warp and Weft 100 % Polyester |

## 4. आपूर्ति हेतु उत्पादों से सम्बंधित लागत विवरण :–

| क्रमांक | उत्पाद का नाम | आपूर्ति हेतु उत्पाद का विवरण | उत्पाद की लागत मूल्य | पैकेजिंग सम्बंधी लागत मूल्य | भाड़ा सम्बंधी लागत मूल्य | निगम कमीशन | जी0एस0टी सम्बंधी लागत मूल्य (कालम–4+5)X5% | उत्पाद की कुल लागत मूल्य | आपूर्ति सम्बंधित उत्पाद की कुल लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | साड़ी ब्लाउज सहित | 1–लम्बाई–5.5 मी0<br>1.1 ब्लाउज–1.00 मी0<br>2–चौड़ाई–45 इंच<br>3–वजन–525 ग्राम | रू0–1708.00 प्रति पीस | रू0–35.00 प्रति पीस | रू0–10.00 प्रति पीस | रू0–94.00 प्रति पीस | रू0–87.15 प्रति पीस | रू0–1934.15 प्रति पीस | 1,00,000 X 1934.15 = 19,34,15,000.00 |
| 2 | सूट पीस पजामा एवं दुपट्टा सहित | 1–लम्बाई–7.50 मी0<br>2–चौड़ाई–40 इंच<br>3–वजन–500 ग्राम | रू0–1708.00 प्रति पीस | रू0–35.00 प्रति पीस | रू0–10.00 प्रति पीस | रू0–94.00 प्रति पीस | रू0–87.15 प्रति पीस | रू0–1934.15 प्रति पीस | 16,000 X 1934.15 = 3,09,46,400.00 |
| | | | | | | | | कुल योग – | **22,43,61,400.00** |

## 5. आपूर्ति सम्बंधी प्रकिया :–

| क्रमांक | उत्पाद का नाम | आपूर्ति सम्बंधी उत्पाद की मात्रा | आपूर्ति से सम्बंधित समयबद्ध विवरण | आपूर्ति सम्बंधित वित्तीय उपलब्धता टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साड़ी ब्लाउज सहित | 1,00,000 पीस | • 30,000 पीस (आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के 03 माह तक)<br>• 40,000 पीस (प्रथम आपूर्ति होने के उपरान्त 01 माह तक)<br>• 30,000 पीस (द्वितीय आपूर्ति होने के उपरान्त 01 माह तक) | आपूर्ति आदेश के प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर 100 प्रतिशत अग्रिम धनराशि – रू0 19,34,15,000.00 |
| 2 | सूट पीस पजामा एवं दुपट्टा सहित | 16,000 पीस | • 8,000 पीस (आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के 03 माह तक)<br>• 8,000 पीस (प्रथम आपूर्ति होने के उपरान्त 01 माह तक) | आपूर्ति आदेश के प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर 100 प्रतिशत अग्रिम धनराशि – रू0 3,09,46,400.00 |
| | | **1,16,000** पीस | | |

6. **प्रस्ताव से सम्बंधित विविध विवरण :–**

- प्रस्ताव से सम्बंधित उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम के प्रशासनिक अधिकारी श्री अनिल कुमार सिंह, प्रबंधक उत्पादन/प्र0 आपूर्ति मो0 नं0 9415695221 से सम्पर्क किया जा सकता हैं।
- प्रस्ताव से सम्बंधित किसी सूचना/जानकारी के सम्बंध में उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम की ईमेल आई0डी0–uphandlooms@yahoo.co.in से सम्पर्क किया जा सकता है।
- उक्त से सम्बंधित उत्पादों की आपूर्ति हेतु यह विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की गयी है।
- उक्त से उत्पादों से सम्बंधित यदि किसी प्रकार की डिजाइन या मानक में परिवर्तन किया जाता है तो सम्बंधित व्यय स्वयं आपूर्ति लेने वाली फर्म/विभाग/संस्था को वहन करना करना होगा।